INTERNATIONAL NON-OLYMPIC COMMITTEE
INOC

International Super-Cricket Committee
WWW.ISCC-SUPER-CRICKET.ORG

www.wske.org

Admin Office : 3/106, 1st Floor, Vivek Khand-3 Gomti Nagar, Lucknow-226010 (U.P.) INDIA; Tel. : +91-522-2303664, 2303663; Fax : +91-522-2397710; E-mail: info@non-olympic.org; Website : www.non-olympic.org

COUNCIL :

President :
Eriks J. GRUBELS
Latvia
Tel./Fax+371-7376617
Mobile+371-9438006
grubelis@lanet.lv

Vice-President :
Charles N. MUKORA
Kenya
Tel.: +254020215539
Tel.: +254020575707
Cell: 2540722815346
kenanos2003@yahoo.com

Secretary-General/Treasurer :
Mohammed Seraj ANSARI
India
Tel.: +91-522-2303664
Fax: +91-522-2397710
Cell: +91-9335722518
seraj@non-olympic.org

Executive Member :
Mohammed MERAJ
India
Tel.: +91-522-2202689
Fax: +91-522-2397710
meraj@non-olympic.org

Director-Legal Affairs :
Manoj KUMAR
India
Cell : +91-9984269945

International Media
Director :
Tim White (Wei JINLONG)
USA
Cell: 1-218-387-2712

Additional Director :
Sudesh VERMA
India
Cell: +91-98734-15077

प्रेस विज्ञप्ति

विषय : नॉन-ओलम्पिक ने ओलम्पिक के विरूद्ध मुकद्दमा दायर किया व हर्जाने के तौर पर 1000 US मिलियन डॉलर (4,730/- करोड़ रुपये) की मॉग की

लखनऊ 24 जुलाई 2010 :- अर्न्तराष्ट्रीय नॉन-ओलम्पिक कमेटी (आई0एन0ओ0सी0) ने एक प्रेस वार्ता 24 जुलाई 2010 समय 11:30 बजे को प्रातः आर्यन रेस्टोरेन्ट (गर्वनर हाउस के सामने) हजरतगंज, लखनऊ इण्डिया में आयोजन किया है।

इस प्रेस वार्ता में नॉन ओलम्पिक बनाम ओलम्पिक खेलो को सम्बोधित करने हेतु श्री मोहम्मद सिराज अंसारी-महासचिव (आई0एन0ओ0सी0), श्री मनोज कुमार-डाइरेक्टर-लीगल अफेयर्स-(आई0एन0ओ0सी0) एवं श्री राज कुमार यादव सीनियर अधिवक्ता, अध्यक्ष-सेन्ट्रल बार एसोसियेशन, लखनऊ ने अपने विचार प्रस्तुत करेंगें। मा0 सिविल जज (सिनियर डिविजन) लखनऊ इण्डिया ने विपक्षीगण जोकि अर्न्तराष्ट्रीय ओलम्पिक कमेटी (आई0ओ0सी0) स्विट्जरलैण्ड, भारतीय ओलम्पिक एसोसियेशन (आई0ओ0ए0) दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश ओलम्पिक एसोसियेशन के बिरूद्ध वाद दायर करने के पश्चात् ही सम्मन जारी करने का आदेश दिया है।

अर्न्तराष्ट्रीय नॉन-ओलम्पिक कमेटी (आई0एन0ओ0सी0) की ओर से श्री मोहम्मद सिराज अंसारी-महासचिव लखनऊ इण्डिया ने वाद दायर किया है।

वादीपक्ष आई0एन0ओ0सी0 ने विपक्षीगण आई0ओ0सी0 के विरूद्ध स्थाई निषेधाज्ञा हेतु वाद दायर किया है कि आई0ओ0सी0 किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप आई0एन0ओ0सी0 और उनके खेल संगटनों पर किसी भी प्रकार से न करे जो कि वादीगण के खेलों को स्थापित करने में सहायता, सर्मथन व प्रोत्साहन करते है व आई0एन0ओ0सी0 ने नुकसान के विषय मे हर्जाने के रूप मे US $ 1000/- (एक हजार मिलियन डॉलर) 4,730/- करोड़ रुपये की मॉग विपक्षीगण आई0ओ0सी0 स्विट्जरलैण्ड से की है।

आई0एन0ओ0सी0 (जिसका गठन 25 मार्च 1997 मे हुआ) की स्थापना एक महत्वपूर्ण वैश्विक व क्षेत्रीय खेलो के विकास हेतु बिना ओलम्पिक की सहायता के या समबद्धता से की है।

आई0एन0ओ0सी0 ने विश्व के खेलों को उज्जवल और कांतिमय बनाने के लिए जिसमें मैत्रीपूर्ण संसंजन भाईचारा, सहयोग, संगतिपूर्ण एवं व्यापक शान्ति हो पर कोशिश और संघर्ष किया है।

आई0ओ0सी0 ने स्वयं व उसके प्रतिनिधि राष्ट्रीय ओलम्पिक कमेटी और अन्य सहयोगी एजेन्ट्स (अभिकर्ता) ने जबरन गैर कानूनी तरीके से आई0एन0ओ0सी0 के सारे खेलो में व्यवधान और हस्तक्षेप किया जिसके फलस्वरुप आई0एन0ओ0सी0 को पूरे विश्व अपूर्णनीय छति उठानी पड़ी।

आई0ओ0सी0 ने स्वयं व उसके प्रतिनिधि राष्ट्रीय ओलम्पिक कमेटी और अन्य सहयोगी एजेन्ट्स (अभिकर्ता) ने आई0एन0ओ0सी0 के विरूद्ध गैर कानूनी जबरन पूरे विश्व में यह मतभेद उत्पन्न कर दिया जिसके परिणाम स्वरुप आई0एन0ओ0सी0 के खेलो की प्रगति को रोकने हेतु भी प्रयास किया है आई0एन0ओ0सी0 जोकि सांस्कृतिक व विविध खेलों से सम्बन्धित है जो कि ओलम्पिक खेल मे शामिल नही है जैसे पारम्परिक खेल, क्षेत्रीय खेल, देशज खेल, आर्कटिक खेल आदि।

आई0ओ0सी0 ने मिलियन्स US डॉलर आई0एन0ओ0सी0 के गतिविधि को नुकसान करने के लिए अब तक खर्च किया है और कई बार मिलियन्स US डॉलर आई0एन0ओ0सी0 के गतिविधि को बंद करने के लिए भी पेशकश की है। आई0ओ0सी0 ने अच्छे पदों पर बैठाने का भी लालच दिया है। जैसे कि हम सभी जानते हैं कि ओलम्पिक मात्र 33 ओलम्पिक अधिकारिक खेलो और 34 ओलम्पिक मान्यताप्राप्त खेलों (वर्ल्ड स्पोर्ट्स) का प्रतिनिधित्व करती है जबकि आई0एन0ओ0सी0 पूरे विश्व में 271 से भी अधिक नॉन-ओलम्पिक खेलो का प्रतिनिधित्व करने का लक्ष्य है। आई0ओ0सी0 को यह कतई स्वीकार नही है कि आई0एन0ओ0सी0 विश्व की सबसे बडी नॉन-ओलम्पिक खेलों की संस्था बन सके। सारी दुनिया में हजारों मिलियन नॉन-ओलम्पिक स्पोर्ट्स खिलाड़ी, स्पोर्ट्स अधिकारी, सैकड़ो खेल सस्थाओं व अनेक स्पोर्टस क्लब इसके प्रभाव से लाभान्वित है।

आई0एन0ओ0सी0 के अपने नाम से ही स्पष्ट है कि किसी तरह का कोई स्पर्धा या विरोध किसी भी तरीके से आई0ओ0सी0 से नही है। जबकि हमने कई बार सहयोग के लिए आई0ओ0सी0 को प्रस्ताव भेजा परन्तु अब अपने संगठन जो खेलो की स्वाधीनता के अधिकार

के लिए आई0ओ0सी0 और उनके संघों से लड़ेगी। खेल जगत में अर्न्तराष्ट्रीय ओलम्पिक कमेटी का एकाधिकार और सर्वाधिकार को बदलने का समय अब आ गया है।

(अफशा अनजुम)
कार्यालय सचिव
अर्न्तराष्ट्रीय नॉन-ओलम्पिक कमेटी
Tel.: 91.9838118081
E-mail : info@non-olympic.org
Web : www.non-olympic.org